इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, सोमवार, 15 जून 2026

वर्ष 18 अंक 203 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

जब तक आपका शरीर स्वस्थ और नियंत्रण में है और मृत्यु दूर है, अपनी आत्मा को बचाने की कोशिश कीजिये, जब मृत्यु सर पर आ जायेगी तब आप क्या कर पायेंगे?।
-चाणक्य

तापमान - अधिकतम 38.0°C (-1.3) न्यूनतम 26.6°C(-0.4) सेंसेक्स 75,327.95 (+1695.41) निफ्टी 23,622.90 (+461.30) सोना 1,49,230 चांदी 2,60,000 मुद्रा - डालर 95.27 दिरहम 25.94 रियाल 25.40

विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान के लिए किया जागरूक

लखनऊ (सं)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, डॉक्टरों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज सेवा में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम में एक बूंद इंसानियत की स्लोगन के साथ लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस रक्तदान शिविर के साथ संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें रक्तदाताओं का पंजीकरण किया गया और उन्हें रक्तदान के लाभों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। कार्यक्रम में डॉ. शारिक अहमद, डॉ. नूरीन जैदी, डा़. श्रुति श्रीवास्तव, डॉ. आफरीन फातिमा ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। शिविर के सफल आयोजन में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। अंत में रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।